

**पाठ 13**

# आई एक खबर

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | अंदर | मच्छर | मक्खी |
| बंदर | आँसू | टिड्डे | समंदर |



अभी खबर दिल्ली से आई,
मक्खी रानी उसको लाई।
टिड्डे ने हाथी को मारा,
हाथी क्या करता बेचारा?





घुस बैठा मटके के अंदर,
मटके में थे ढाई बंदर।
उन्हें देखकर हाथी रोया,
रोते–रोते फिर वह सोया।

रुकी नहीं आँसू की धारा,
मटका बना समंदर खारा।
लगे डूबने हाथी बंदर,
फँसे हुए थे उसके अंदर।



रोना सुनकर आया मच्छर,
लात जमाई उसने कसकर।
मटका फूटा बहा समंदर,
निकल पड़े सब हाथी, बंदर।



**शिक्षण संकेत :–** कविता का उचित लय के साथ पाठ करें और बच्चों से दुहराने के लिए कहें। संयुक्ताक्षर वाले शब्दों का अभ्यास करवाएँ। पाठ के बाद अनुस्वार – तथा आधे 'न' (न्) को आपस में बदलकर शब्द लिखवाएँ। जैसे – 'अन्दर से अंदर'। चित्रों का उपयोग करें। पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ उनकी भाषा में बताएँ।

## शब्दार्थ

खबर = समाचार समंदर = सागर, समुद्र

ढाई = दो और आधा मिलाकर बनी संख्या

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ अपनी भाषा/बोली में बताओ –**

खबर, समंदर, ढाई, अंदर,

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो –**

क. मटका कितना बड़ा रहा होगा ?

ख. ढाई बंदर कैसे हुए होंगे ?

ग. मटका कैसे फूटा ?

**3. वाक्यों में प्रयोग करो –** मटका, बंदर


**4. उदाहरण देखो। ऐसे कुछ और शब्द लिखो।**

उदाहरण– धारा चारा खारा

अंदर ——————, ——————, ——————

लात ——————, ——————, ——————

**5. तीन अक्षर वाले शब्दों के बीच के अक्षरों को बदल–बदलकर नए–नए शब्द बनाओ और लिखो, जैसे– जमाई।**




——————

——————

——————

——————

### 6. कविता में आए संयुक्ताक्षर वाले शब्दों को छाँटकर लिखो।

जैसे– मक्खी, ——————— |, ——————— |,

——————— |, ——————— |,

### 7. गतिविधि :–

1. बंदर से संबंधित कहानी ढूँढ़ो और कक्षा में अभिनय करो ।
2. तुम्हें खबरें कहाँ–कहाँ से मिलती हैं ।
3. अपने गाँव में हुई किसी घटना की खबर सुनाओ ।
4. शिक्षक कक्षा में **"आज की बात"** गतिविधि करवाएँ ।

37LD1V